रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 260] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 27, 2015/श्रावण 5, 1937
No. 260] NEW DELHI, MONDAY, JULY 27, 2015/SRAVANA 5, 1937

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 24 जुलाई,2015

सं. टीएएमपी/54/2007-पीपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48, के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उड़ीसा के माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुपालन में महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, एतद्द्वारा पाराद्वीप पत्तन न्यास (पीपीटी) पर हार्बर मोबाईल क्रेनों(एचएमसीज़) का प्रयोग करने के लिए, इसके साथ संलग्न आदेशानुसार प्रशुल्क निर्धारित करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

मामला संख्या टीएएमपी/54/2007-पीपीटी

कोरम:

(i). श्री टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

(ii) श्री चन्द्र भान सिंह, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(जुलाई, 2015 के इस द्वितीय दिवस को पारित)

यह मामला पीपीटी पर हार्बर मोबाइल क्रेन (एचएमसी) के उपयोग के लिए प्रशुल्क के निर्धारण से संबंधित है।

2. अगस्त 2009 में पीपीटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर, इस प्राधिकरण ने दिनांक 30 दिसम्बर 2009 को, पीपीटी पर एचएमसी के उपयोग के लिए किसी वैयक्तिक सेवा प्रदाता का कोई संदर्भ दिए बिना समान रुप से लागू होने वाली अधिकतम-सीमा दर का निर्धारण करते हुए एक आदेश पारित किया था।

3.1. इस संबंध में, पीपीटी पर एचएमसी के दो क्रेन आपरेटरों अर्थात चैन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्रा. लि. (सीआरईडब्ल्यू) और जिंदल स्टील एंड पावर लि. (जेएसपीएल) ने उडीसा के माननीय उच्च न्यायालय में क्रमश: रिट याचिका संख्या 2010 की 2428 और 2010 की 3365 द्वारा 30 दिसम्बर 2009 के आदेश को चुनौती दी है।

3.2. माननीय उच्च न्यायालय ने रिट याचिकाओं को स्वीकार कर लिया था और दिनांक 16 मई 2012 के सांझे निर्णय के अंतर्गत 30 दिसम्बर 2009 के प्रशुल्क आदेश को निरस्त कर दिया था। न्यायालय ने इस मामले को पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क के निर्धारण के प्रयोजन से इस प्राधिकरण को वापिस भेज दिया था। प्रशुल्क के निर्धारण की पूरी कवायद को आदेश के प्राप्त होने की तारीख से 4 महीनों की अवधि के भीतर पूरा करने का निदेश दिया गया था। तब तक, 2005 के दिशा-निर्देशों के खण्ड 2.17.2 के अंतर्गत पीपीटी द्वारा यथा स्वीकार्य एवं निर्धारित तदर्थ प्रशुल्क प्रभारित किए जाने हैं।

3.3. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 16 मई 2012 के पैरा संख्या 38 से 47 के उद्धरण नीचे उद्धृत किए गए हैं:

"*38. उपर्युक्त कानूनी विरोधी तर्कों के संदर्भ में, निम्नलिखित मुद्दे हमारे विचार के लिए सम्मुख आएंगे।*

(i). क्या संशयग्रस्त आदेश में प्रशुल्क दरों के निर्धारण के प्रयोजन के लिए टीएएमपी को याचिकाकर्ता-लाइसेंसधारियों द्वारा प्रस्तुत विवरण अग्रेषित किए बिना प्रस्ताव को भेजने में पीपीटी ने कानूनी दृष्टि से गलती नहीं की है?

(ii). क्या टीएएमपी के प्रारुप, जिसकी की पीपीटी द्वारा टीएएमपी को प्रस्तुत करना/प्रेषित करना अपेक्षित था, में याचिकाकर्ताताओं द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर विचार किए बिना प्रशुल्क दरें निर्धारित करने से संबंधित संशयग्रस्त आदेश और इनके अभाव में समान प्रशुल्क दरों को रु.43.00 पर निर्धारित करना उचित और युक्तियुक्त है?

(iii). क्या याचिकाकर्ता प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुपालन में दरों के निर्धारण से पूर्व सुनवाई के पात्र हैं?

(iv). आदेश क्या हैं?

39. ये सभी मुद्दे परस्पर एक-दूसरे से सम्बद्ध हैं। अत: याचिकाकर्ताओं-लाइसेंसधारियों के पक्ष में क्रमानुसार निम्नलिखित कारणों का उल्लेख करते हुए उनका उत्तर दिया गया है।

40. यह एक निर्विरोध स्वरुप का तथ्य है कि याचिकाकर्ताओं को धारा 42(3) के अंतर्गत एचएमसी की अवस्थापना करके अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने अनुमति प्रदान की गई है ताकि वे आयातकों और निर्यातकों द्वारा पोतों से वस्तुओं की ढुलाई और अन्य वाहनों पर प्रतिक्रम रुप से लदान के लिए अपनी क्रेनों का उपयोक्ताओं द्वारा संचालन कर सकें। इसलिए, वे एमपीटी अधिनियम की धारा 43(3) के अंतर्गत बोली स्वीकार करने के कारण पीपीटी के हार्बर में अपनी क्रेनों को अवस्थापित करने के लिए प्राधिकृत हैं क्योंकि उन्होंने लाइसेंस शुल्क के रुप में क्रमश: रु.30.00 और रु.32.60 का भुगतान करने का प्रस्ताव स्वीकार किया है। पीपीटी ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था और 25.5.2008 को कार्यादेश जारी किया था। निविदा सूचना की शर्तों के अनुसार, पीपीटी ने दो बर्थों में एक मिलिटन टन प्रति वर्ष प्रति क्रेन के कार्गो की अनुमानित मात्रा का प्रस्ताव किया था। एक मिलियन टन प्रति वर्ष के पीपीटी के प्रस्ताव को एक आधार के रुप में अनुपालन करने के लिए, जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू ने क्रेनों के संचालन के लिए लागत विवरणियों का आकलन किया है और क्रेन के संचालन के लिए क्रमश: रु.124.50 और रु.121.83 प्रति टन की दर प्रस्तुत की है/प्रस्ताव किया है। दोनों याचिकाकर्ता क्रमश: रु.30.00 और रु.32.60 प्रति टन पर लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के लिए सहमत हैं। तदर्थ प्रशुल्क दरों पर प्रशुल्क दरों के निर्धारण के समय पीपीटी द्वारा टीएएमपी को वह विवरणियां अग्रेषित नहीं की गई हैं, जबकि इसने विरोधी पक्षकार संख्या 4 के रुप में एबीजीएचआईएल- हस्तक्षेप करने वाले प्रार्थी द्वारा प्रसतुत विवरणों पर विचार किया है। चूँकि इसने क्रेन के संचालन के लिए रु.64.00 प्रति टन का प्रस्ताव किया है, जिसमें पीपीटी का रु.10/- प्रति टन का लाइसेंस शुल्क शामिल है, और इसके अलावा, उक्त विवरणों को न भेजना, जोकि टीएएमपी को अग्रेषित किए जाने वाले प्रपत्र में प्रस्तुत किए गए थे, याचिकाकर्ताओं के लिए पूर्वाग्रह का कारण बना है। यह तथ्य संशयग्रस्त आदेश और टीएएमपी द्वारा दायर जवाबी कथन से स्पष्ट है, जिसमें यह बात विशिष्ट रुप से कही गई है कि पीपीटी और इसके साथ-साथ सेवाप्रदाताओं-लाइसेंसधारियों, जिन्हें पत्तन के हार्बर में अपने एचएमसी के प्रचालन के लिए धारा 42(3)के अंतर्गत अनुमति प्रदान की गई है, को प्रशुल्क दरों के निर्धारण से संबंधित प्रस्तावों को प्रस्तुत करने के लिए कई पत्र और स्मरण भेजे जाने के बावजूद भी कोई उत्तर नहीं मिला था। इसलिए, संशयग्रस्त आदेश और जवाबी कथन से स्पष्ट है कि यह तथ्य कायम है कि पीपीटी ने टीएएमपी को प्रस्ताव नहीं भेजे। इसलिए, याचिकाकर्ताओं द्वारा पीपीटी के हार्बर में उनके एचएमसी के प्रचालन के लिए रु.43.00 पर प्रशुल्क दर के निर्धारण से पहले प्रपत्र में क्रेनों के प्रचालन के लिए विभिन्न संगत पहलुओं के संदर्भ में क्रमश: रु.124.50 और रु.121.83 की दर उद्धृत करते हुए प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव टीएएमपी के समक्ष उसके विचार के लिए और पीपीटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी बर्थों में क्रेनों का प्रचालन कर रहे सेवा प्रदाताओं द्वारा संग्रहित की जाने वाली एक समान प्रशुल्क दरों के निर्धारण के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया था। इसलिए, वे प्रशुल्क दरों के निर्धारण द्वारा प्रभावित हुए हैं। टीएएमपी, जिसे निविदा सूचना के अनुसार और एमपीटी अधिनियम की धारा 48 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क दरों के निर्धारण के लिए निर्णय लेने के लिए अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकार प्राप्त हैं और याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रपत्र में प्रस्तुत संगत सूचना को पीपीटी को, टीएएमपी को अपनी टिप्पणियों के साथ न भेजने से रु.43.00 के प्रशुल्क दर के निर्धारण से याचिकाकर्ताओं के अधिकार निश्चित रुप से प्रभावित हुए हैं। तदनुसार, पहले मुद्दे का उत्तर याचिकाकर्ताओं के पक्ष में दिया जाता है।

41. जहां तक मुद्दा संख्या (ii) और (ii) का संबंध है, यह तथ्य विवाद से परे है कि टीएएमपी प्रशुल्क दरों के निर्धारण और पत्तनों पर दरों की वसूली करने और बोर्ड द्वारा अथवा अन्य व्यक्तियों द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए दरों के विनियमन करने के प्रयोजन से एमपीटी अधिनियम की धारा 48 के अंतर्गत अपने सांविधिक कर्त्तव्य के निष्पादन के लिए एमपीटी अधिनियम की धारा 47-क के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा गठित सांविधिक प्राधिकरण है। अधिनियम की धारा 48 द्वारा इस प्राधिकरण को पीपीटी, जोकि अधिनियम के अंतर्गत एक महा पत्तन है, में बोर्ड द्वारा और अन्य व्यक्तियों द्वारा निष्पादित सेवाओं के लिए दर मान निर्धारित करने के लिए शक्तियां प्रदान की गई हैं। पीपीटी ने याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ एबीजीएचआईएल के साथ क्रमश: वर्ष 2009 और 2007 में करार किए हैं। एबीजीएचआईएल ने पीपीटी में अपनी क्रेन संस्थापित की हैं, जोकि पुरानी थीं। चूँकि उक्त क्रेन पोतों से पोतों तक कार्गो का लदान करने और उतरवाने के कार्य में पर्याप्त नहीं थी, इसलिए, पीपीटी ने उपयोक्ताओं अर्थात आयातकों और निर्यातकों की जरुरतों पर विचार करते हुए, दो और नई एचएमसी की संस्थापना करने का निर्णय लिया था और इसलिए सीक्यू तथा ईक्यू बर्थो के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। तदनुसार, याचिकाकर्ताओं के पक्ष में लाइसेंस प्रदान किए गए थे। पीपीटी द्वारा प्रस्तावित निविदा की शर्तें नीचे दी गई हैं:

"(क). याचिकाकर्ता द्वारा हैंडल की जाने वाली कार्गो की अनुमानित मात्रा 1.0 मिलियन टन प्रति वर्ष है।

(ख). ढुलाई की न्यूनतक दैनिक मात्रा 10,000 मीटन है।

वर्तमान मामले में निविदा शर्त में उल्लिखित शर्त इस प्रकार है:

(i). क्रेन के माध्यम से हैंडल किए गए प्रति टन कार्गो के लिए पत्तन को लाइसेंस शुल्क देय है।

(ii). प्रस्ताव में दिए गए लाइसेंस शुल्क को कार्गो की अनुमानित मात्रा से गुणा किया जाएगा ताकि ऐसे शुल्कों के मूल्य का निर्धारण किया जा सके।"

42. निविदा शर्तों में निविदा दस्तावेज के अनुबंध-II के अनुसार मोबाइल क्रेन हार्बर की विस्तृत आवश्यकता के बारे में भी उल्लेख है। निविदा दस्तावेज के खण्ड 39 के अनुसार, क्रेन के संस्थापक को क्रेनों के प्रयोग के लिए दरों के निर्धारण के लिए टीएएमपी के निर्धारित प्रपत्रों में पत्त्न को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। प्रचालकों के अनुरोध पर, पत्तन क्रेन के लिए तदर्थ दर निर्धारित कर सकता है बशर्ते वह टीएएमपी के अंतिम आदेशों के अनुसार हो।

43. वर्तमान मामले में, याचिकाकर्ताओं के अनुरोध पर, पीपीटी ने याचिकाकर्ताओं और इसकेसाथ-साथ अन्य आपरेटरों के लिए तदर्थ आधार पर रु.64/- "निष्पादन से सम्बद्ध शुल्क दर" निर्धारित की है। उक्त संकल्प के अनुसार, जेएसपीएल के लिए पीपीटी द्वारा निर्धारित दर प्रति टन रु.64.00 है। इसी तरह, पीपीटी ने सीआरईडब्ल्यू के लिए रु.70.00 और एबीजीएचआइएल के लिए रु.43.00 निर्धारित की है। महापत्तनों में प्रशुल्क दरों के निण्धारण के लिए टीएएमपी को मार्च 2005 के दिशा-निर्देशों के खण्ड 2.2 उप खण्ड (i) से (viii) के अन्तर्गत व्यापक सिद्धांत "भूमिका और समग्र दृष्टिकोण "के प्रावधान का पालन करना होता है। उक्त सिद्धांत को इस प्रकार पढा जाता है:

(i). शिपर्स/प्रेषितों और अन्य पत्तन उपयोक्ताओं के हितों की रक्षा करना।

(ii). पत्तनों के लिए समुचित प्रतिफल सुनिश्चित करना।

(iii). कारक, जिनसे प्रतियोगिता, संसाधनों का मित्तव्ययी उपयोग, निष्पादन में दक्षता, और इष्टतम विनियोग को बढ़ावा मिलेगा ।

(iv). स्थापित लागत निर्धारण की पद्धतियां (लागत व दृष्टिकोण सहित) और मूल्य निर्धारण सिद्धांत।.

(v). एमपीटी अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए नीति निर्देश।

(vi). अपने कार्यों का निर्वाह करते हुए पारदर्शिता और सहभागी दृष्टिकोण सुनिश्चित करना

(vii). पत्तनों की परिचालन क्षमता में सुधार करने के लिए प्रशुल्क वृद्धि का इस्तेमाल किया जाएगा।

(viii). कुल मिलाकर, दीर्घकालिक उद्देश्य प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण को अपनाना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्तर के अनुसार भारतीय पत्तनों के प्रदर्शन को बढाना है।

44. इसके अलावा, टीएएमपी द्वारा अधिसूचित अधिसूचना दिनांक 28 मार्च,2005 द्वारा महापत्तनों पर प्रशुल्क के विनियमन के लिए दिशा-निर्देश, 2004 (अनुबंध-1/1) के खण्ड 2.4.1 और 2.4.2 और इसके साथ इसके प्रतिवाद से संबंधित टिप्पणियां बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, जिसमें यह प्रावधान है कि टीएएमपी लागतों और विनियोगों की तर्कसंगतता की जांच करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अकुशलता, फिजूल उपयोग/पद्धतियों अथवा आधिक्य का भार उपयोक्ताओं पर न पडे। इसी प्रकार, उक्त दिशानिर्देशों के खण्ड 2.9.1 में यह प्रावधान किया गया है कि पूँजी परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण माडल (सीएपीएम) के अनुसार निर्धारित पूर्व-कर की दर पर महापात्तन न्यासों और निजी टर्मिनल आपरेटरों दोनों के लिए नियोजित पूँजी पर प्रतिफल (आरओसीई) की अनुमति दी जाएगी। खण्ड 2.12 में उल्लेख है कि निजी आपरेटर द्वारा यह स्थापित किया

गया है कि किए गए उच्च स्तर के निवेश को देखते हुए पत्तन न्यास के विद्यमान प्रशुल्क को अपनाने से इसे आर्थिक कठिनाई होगी, अच्छा तो यह होगा कि वाणिज्यिक प्रचालनों की शुरुआत से ही उन्हें लागत आधारित अलग प्रशुल्क की अनुमति दी जाए। खण्ड 2.17.1 में यह कहा गया है कि सेवा/कार्गो के लिए विशिष्ट प्रशुल्क के अभाव में अपना प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए यदि पीपीटी पर कर्तव्यों का और अधिक निरुपण अधिसूचित दर मानों में उपलब्ध नहीं है, पत्तन उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। खण्ड 2.17.2 और 2.17.3 पीपीटी को इस बात के लिए समर्थ बनाते हैं कि टीएएमपी को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के साथ कि दर को अंतिम रुप से अधिसूचित किए जाने तक तदर्थ आधार पर प्रस्तावित दर प्रभारित की जा सकती है। अंतरिम अवधि में प्रचालित होने वाली तदर्थ दर के लिए यह आवश्यक है कि उसका अनुमान तुलनीय सेवाओं/कार्गो के लिए विद्यमान अधिसूचित प्रशुल्कों के आधार पर आकलित किया गया हो; और यह भी आवश्यक है कि इसके संबंध में पत्तन/टर्मिनल और संबंधित उपयोक्ता(ओं) में परस्पर सहमति हो। खण्ड 2.17.4 में यह उल्लेख है कि तदर्थ आधार पर अपनायी गई अंतरिम दर को स्वीकार कर लिया जाएगा जब तक कि यह प्रतीत न हो कि यह अत्यधिक है और इसमें पूर्वकाल से कुछ संशोधन करना अपेक्षित है। खण्ड 3.1.1 में यह उल्लेख है कि समय-समय पर संशोधित इन दिशा-निर्देशों के अनुसार, ऐसे प्रपत्रों, जो सहायक विवरणों से युक्त हों और जो टीएएमपी द्वारा निर्धारित किए गए हों, में प्रशुल्क के साथ-साथ प्रदान की गई सेवाओं अथवा उपलब्ध करायी गई सुविधाओं के लिए तथा सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के प्रयोग के लिए प्रभारों के विनियमन से संबंधित शर्तयुक्तता के निर्धारण के लिए प्रस्ताव निरुपित किया जाएगा। खण्ड 3.1.5 में यह उल्लेख है कि जहां तक उपयोक्ताओं का संबंध है टीएएमपी वैयक्तिक उपयोक्ताओं द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदनों पर कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक इसमें उन प्रशुल्क/दरमान के निर्धारण की बात सम्मिलित न हो, जो इस वर्तमान मामले में किया गया है, यह बात संशयग्रस्त आदेश से प्रकट होती है। इसने भुवनेश्वर में आयोजित बैठक में एबीजीएचआईएल और अन्य उपयोक्ताओं की बात सुनी है। खण्ड 3.2.5 में यह प्रावधान किया गया है कि परामर्शी प्रक्रिया के एक भाग के रुप में, यदि आवश्यक हो, किसी मामले अथवा प्रस्ताव की सुनवाई या तो प्राधिकरण के कार्यालय में अथवा पत्तन में पत्तन और पत्तन के उपयोक्ताओं के साथ संयुक्त रुप से आयोजित की जाएगी।

45. दिशा-निर्देशों के उपर्युक्त खण्डों से यह स्पष्ट पता चलता है कि विभिन्न संगत पहलुओं, जिनके संबंध में टीएएमपी द्वारा प्रशुल्क दरों के निर्धारण के लिए इसके समग्र दृष्टिकोण के साथ विचार करना अपेक्षित होता है, और इस मामले में सेवा प्रदाताओं की बात भी सुनी जानी आवश्यक है जैसाकि इस मामले में एक सेवा प्रदाता की बात सुनी गई है जिसका संशयग्रस्त आदेश से पता चलता है। इसके अलावा, उक्त दिशा-निर्देशों में ऊपर दिए गए संदर्भ में अंतर्निहित है कि दरों के निर्धारण से पहले इस मामले में सेवा प्रदाताओं की बात सुनी जानी आवश्यश्क है, क्योंकि वे उपयोक्ताओं से प्रभार वसूलने के लिए पीपीटी में अपनी क्रेनों के अधिष्ठापन और उनके प्रचालन के प्रयोजन से संगत सूचना के आधार पर अपनी अपराध स्वीकृति से बोध कराएंगे। यह प्रभार स्थापना प्रभारों, अपफ्रंट राशि, प्रत्याभूति जमा और स्टाफ, जिनके लिए पत्तन में एचएमसी का प्रचालन करना अपेक्षित होता है, पर वहन किए जाने वाले व्ययों को देखते हुए उचित अनुपात में होने चाहिएं। ये सभी पहलू संगत स्वरुप के हैं, जिन पर टीएएमपी द्वारा विचार किया जाना है और उक्त प्रस्ताव टीएएमपी के प्रपत्र में याचिकाकर्ताओं द्वारा पीपीटी को प्रस्तुत करना अपेक्षित है और उसे पीपीटी द्वारा टीएएमपी को अग्रेषित करना अपेक्षित है। हालांकि हस्तक्षेप करने वाले आवेदक प्रतिवादी पक्ष संख्या 1 की ओर से और प्रतिवादी पक्ष संख्या 4, की ओर से तर्क के द्वारा यह आग्रह किया गया है कि याचिकाकर्ताओं की बात सुनना अपेक्षित नहीं होता है, तथापि, इस तथ्य को देखते हुए कि सेवा-प्रदाता – जिन्हें इसमें याचिकाकर्ता कहा गया है, द्वारा वसूल किए जाने वाले प्रचालन प्रभार दरों के निर्धारण के अनुपात में नहीं होते हैं, कानून में पूर्ण रुप से अरक्षणीय हैं। तब तो प्रचालन का कार्य कौशलपूर्ण नहीं होगा और याचिकाकर्ताओं को हानि उठानी पडेगी और निर्यातकों और आयातकों के माल की ढुलाई के लिए कार्गो में अपनी सेवा प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाताओं को अनुमति देने का यह उद्देश्य नहीं है, जिसके कि सिविल स्वरुप के गंभीर परिणाम होंगे, श्रीमती मेनका गांधी बनाम यूनियन बैंक आफ इंडिया और अन्य एआईआर 1978 एससी 597 के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह विधि निर्धारित की गई है, जिसमें उक्त निर्णय के पैराग्राफ-57 में यह निर्णय दिया गया है कि यहां तक कि अधिनियमों के अंतर्गत सांविधिक प्रावधान के अभाव में भी, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत सांविधिक प्रावधानों के साथ पठित होंगे।

46. इस वर्तमान मामले में, टीएएमपी द्वारा प्रस्तुत अधिसूचना दिनांक 28.3.2005 द्वारा जारी दिशा-निर्देश, 2004 के अनुबंध-1/क के अंतर्गत खण्ड का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने से यह स्पष्ट पता चलेगा कि टीएएमपी द्वारा प्रशुल्क प्रभारों को निर्धारित करने के लिए विनियोग और अन्य प्रभारों की संगत सामग्री के विवरण के आधार पर उनके प्रस्तावों पर विचार करने की दृष्टि से सेवा प्रदाताओं की बात सुनी जानी चाहिए। वर्तमान मामले में ऐसा नहीं किया गया है। अत:, पारित किए गए संशयग्रस्त आदेश से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों और संदर्भित उक्त दिशा-निर्देश, 2005 का उल्लंघन हुआ है। चूँकि हमने इस निर्णय को कायम रखा है कि प्रशुल्क दरों के निर्धारण से दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में पीपीटी को याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना को डी होर किया गया है, चूँकि इसने केवल एबीजीएचआईएल से संबंधित विवरण ही अग्रेषित किए

हैं, इसे पीपीटी द्वारा टीएएमपी को अग्रेषित नहीं किया गया है, यह संशयग्रस्त आदेश से पता चलता है। इसके अलावा, खण्ड 2.17.1 में यह प्रावधान किया गया है कि जब कभी अधिसूचित दर मानों में सेवा/कार्गो के लिए विशिष्ट प्रशुल्क उपलब्ध नहीं होता है तो पत्तन प्रस्तावित दर को प्रभारित करने के लिए प्रस्ताव करने के साथ उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर टीएएमपी द्वारा विचार नहीं किया गया है। इन पर विचार न करने के लिए कोई विधिक कारण बताना आवश्यक नहीं है। इसलिए, खण्ड 3.2.5 में पत्तन और उपयोक्ताओं की बात सुनने के लिए प्रावधान किया गया है। चूँकि अधिनियम की धारा 42(2) के अंतर्गत अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाताओं/लाइसेंसधारियों को अनुमति प्रदान की गई है, इसलिए, उनके द्वारा उपभोक्ताओं के माल की ढुलाई की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यह बात उसमें समाविष्ट है कि टीएएमपी द्वारा प्रशुल्क दरों के निर्धारण से पूर्व सेवा प्रदाताओं की बात सुनी जाना आवश्यक है।

47. उपर्युक्त कारणों से, पीपीटी को निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत सामग्रियों के विवरणों पर विचार न करना, जोकि इसके द्वारा टीएएमपी को नहीं भेजी गई थी, रु.43.00पर एक समान प्रशुल्क दर निर्धारित करते हुए, जबकि याचिकाकर्ताओं ने क्रमश: रु.30.00 और रु.32.60 प्रति टन के लाइसेंस शुल्क की पेशकश की थी, इसके द्वारा संशयग्रस्त आदेश पारित करना विधिमान्य नहीं है। शेष रु.13.00 और रु.10.40 क्रेनों की स्थापना, एचएमसी के प्रचालन के लिए स्टाफ उपलब्ध कराने की लागत के संबंध में होंगे, जोकि उपभोक्ताओं के लिए बिलकुल अपर्याप्त होंगे जिससे याचिकाकर्ताओं के हित प्रभावित होंगे। इसलिए, हमारा यह विचार है कि संशयग्रस्त आदेश इस कारण से मनमाना और असंगत आदेश है कि हस्तक्षेप करने वाला लाइसेंस धारी आवेदक, जो 2007 से अपना एचएमसी का प्रचालन कर रहा है, लाइसेंस शुल्क के रुप में पीपीटी को रु.10 प्रति टन का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया है, जबकि याचिकाकर्ता 200% से भी अधिक का भुगतान कर रहे हैं और इसलिए सभी सेवा प्रदाताओं के लिए लाइसेंस शुल्क की उक्त एक समान दर निर्धारित करना बहुत ही अविवेकपूर्ण और भेदभाव पूर्ण है। तदनुसार, मद संख्या (ii) और (iii)के संबंध में उत्तर भी याचिकाकर्ताओं के पक्ष में दिया गया है।

उपर्युक्त उल्लिखित कारणों से, याचिकाओं को अपेक्षित सफलता मिलनी ही चाहिए और तदनुसार, अनुमति दी जाती है। आदेश जारी किया जाता है और संशयग्रस्त आदेश को रदद किया जाता है और पत्तन तथा सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात एमपीटी अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा निरुपित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क दरों के निर्धारण के प्रयोजन से मामले को टीएएमपी को वापिस भेजा जाता है। प्रशुल्क दरों के निर्धारण की पूरी कवायद को इस आदेश के प्राप्त होने की तारीख से चार महीनों की अवधि के भीतर पूरा किया जाएगा। तब तक, खण्ड 2.17.2 के अंतर्गत पीपीटी द्वारा यथा स्वीकार्य एवं निर्धारित तदर्थ प्रशुल्क दर, सेवा प्रदाताओं पर प्रभारित की जा सकती है"।

3.4. तत्कालीन अतिरिक्त महाधिकवक्ता से प्राप्त कानूनी सलाह के आधार पर इस प्राधिकरण ने उडीसा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने 04 अप्रैल 2014 के आदेश द्वारा विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। हमें परामर्श दिया है गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा याचिका को खारिज करने का अर्थ है कि 2010 का सीडब्ल्यूपी संख्या 3365 और 2010 का सीडब्ल्यूपी संख्या 2428 में माननीय उडीसा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय और पारित किए गए आदेश को बनाए रखा गया है। चूँकि माननीय उडीसा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय और पारित किए गए आदेश को बनाए रखा गया है, इसलिए माननीय उडीसा उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की गयी ।

4.1. वह प्रशुल्क आदेश जिसे रद्द और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मामले को अन्य बातों के साथ-साथ पीपीटी और संबंधित सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात प्रशुल्क का निर्धारण करने के निर्देश के साथ वापिस लौटा दिया गया है, वि 30 दिसंबर 2009 का प्रशुल्क आदेश है । चूँकि प्रशुल्क आदेश दिनांक 30 दिसम्बर 2009 में 23 जनवरी 2010 [(08 जनवरी 2010 से 15 दिन समाप्त के समाप्त होने के पश्चात) (अधिसूचना की तारीख)] से 22 जनवरी 2013 तक तीन वर्षों के प्रशुल्क चक्र दिए गए हैं, इसलिए, पीपीटी और अन्य सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात प्रशुल्क 23 जनवरी 2010 से 22 जनवरी 2013 तक की उसी अवधि के लिए निर्धारित किए जाने हैं। पीपीटी के 6 अगस्त 2009 और 17 अगस्त 2009 के प्रस्ताव के द्वारा 30 दिसम्बर 2009 के प्रशुल्क आदेश में एचएमसी के लिए दर का निर्णय करने के लिए आधार तैयार कर दिया गया था। तदनुसार, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, पीपीटी और संबंधित सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, पीपीटी के 6 अगस्त 2009 और 17 अगस्त 2009 के प्रस्ताव की एक-एक प्रति उस समय विद्यमान तीन एचएमसी सेवा प्रदाताओं अर्थात दि चैन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्रा.लि.(सीआरईडब्ल्यू), दि जिंदल स्टील एंड पावर लि. (जेएसपीएल) और दि एबीजी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटिड (एबीजीएचआईएल) को हमारे 2 जून 2014 के पत्र द्वारा उनकी टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए भेजी गई थी। पीपीटी से यदि कोई अन्य संबंधित सेवा प्रदाता हो, जिससे इस मामले में परामर्श किया जा सकता हो, के बारे में अवगत कराने का अनुरोध किया गया था। उत्तर में, पीपीटी ने सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल के नामों के अलावा अपने पत्र दिनांक 13 जून 2014 द्वारा मैसर्स उडीसा स्टेवीडोरस लिमिटेड, जगतसिंहपुर, (ओएसएल) के नाम का सुझाव दिया। तदनुसार, पीपीटी के दिनांक 6 अगस्त 2009 के प्रस्ताव और पीपीटी के

दिनांक 17 अगस्त 2009 के पत्र की एक-एक प्रति भी हमारे 17 जून, 2014 के पत्र द्वारा ओएसएल को उनकी टिप्पणियां आमंत्रित करने के लिए अग्रेषित की गई थी।

4.2. सेवाप्रदाताओं अर्थात सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल से प्राप्त टिप्पणियां फीडबैक सूचना के रुप में पीपीटी को अग्रेषित की गई थीं। पीपीटी ने स्वयं ही सीआरईडब्ल्यू की टिप्पणियों का उत्तर दिया है।

5.1. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में और निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार पीपीटी और संबंधित सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का एक मौका देने के उद्देश्य से भुवनेश्वर स्थित पीपीटी परिसर में संदर्भाधीन इस मामले पर एक संयुक्त सुनवाई 27 जून 2014 को आयोजित की गई थी। संयुक्त सुनवाई में पीपीटी, सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल ने अपनी-अपनी बात कही।

5.2. संयुक्त सुनवाई में किए गए फैसलों के अनुसार, हमारे पत्र दिनांक 1 जुलाई 2014 द्वारा सभी सेवा प्रदाताओं को यह सलाह दी गई थी कि वे इस प्राधिकरण के साथ-साथ पीपीटी को लिखित रुप में अपने तर्क प्रस्तुत करें। हमारे पहली जुलाई 2014 के पत्र द्वारा पीपीटी से पत्तन को प्रस्तुत किए जाने वाले सेवा प्रदाताओं के तर्कों पर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त करने का अनुरोध किया गया था।

5.3. दिनांक 5 जुलाई 2014 की सीआरईडब्ल्यू की, दिनंक 5 जुलाई 2014 की ओएसएल की और दिनांक 7 जुलाई 2014 की जेएसपीएल की प्रतिक्रिया की एक-एक प्रति उस पर उनकी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए हमारे 08 जुलाई 2014 के पत्र के द्वारा पीपीटी को अग्रेषित की गई थी। पीपीटी ने दिनांक 22 जुलाई 2014 के अपने ई-मेल द्वारा अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कर दी हैं।

5.4. संयुक्त सुनवाई के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार, पीपीटी को हमारे 23 जुलाई, 2014 के पत्र द्वारा उठाये गए कुछेक मुद्दों पर कुछ सूचना/स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया था। पीपीटी ने 28 जुलाई, 2014 के अपने ई-मेल से प्रत्युत्तर भेजा था। हमारे द्वारा चाही गई सूचना/स्पष्टीकरण और पीपीटी का प्रत्युत्तर का सारांश नीचे सारणीबद्ध किया जा रहा है:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>पीपीटी से मांगी गई सूचना</th><th>पीपीटी का उत्तर</th></tr>
<tr><td>(i).</td><td>संयुक्त सुनवाई के दौरान सेवा प्रदाता अर्थात मैसर्ज चैन्नई राधा वर्क्स (सीआरईडब्ल्यू) और मैसर्ज जिंदल स्टील और पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने बताया कि हार्बर मोबाइल क्रेन (एचएमसी) द्वारा 12500 टन प्रतिदिन की प्रहस्तन दर को प्राप्त करना विभिन्न बाधाओं के कारण असम्भव है जिनका उन्होंने समय-समय पर वास्तव में सामना किया है जो पोत के आगमन से आयात चक्र में कार्गो की निमुक्ति पूर्ण होने तक तथा इसी प्रकार निर्यात चक्र में पेश आती हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि पोत का आगमन अप्रत्याशित होता है, कभी-कभी तो पोतों का जमघट लग जाता है और कभी बर्थ खाली पड़ी रहती है। इस संबंध में और जैसा संयुक्त सुनवाई के दौरान पीपीटी ने स्वीकार किया, पीपीटी को तीन मुख्य श्रेणियों के कार्गो अर्थात बल्क, ब्रेक बल्क और अन्य कार्गो के लिए दिसम्बर, 2009 के आदेश के अंतर्गत उल्लिखित अवधि के लिए प्रत्येक प्रचालक द्वारा प्राप्त औसत प्रतिदिन प्रहस्तन पद प्राप्त करने संबंधी सूचना देनी होगी।</td><td>एचएमसी की औसत प्रहस्तन दर मी. टन/दिन, प्रत्येक प्रकार के कार्गो के लिए, जिसे पीपीटी द्वारा भेजे गए ब्यौरे में से लिया गया है, इस प्रकार है:

<table>
<tr><th rowspan="3">वर्ष</th><th colspan="5">ड्राई बल्क कार्गो</th></tr>
<tr><th colspan="2">सीआरईडब्ल्यू</th><th colspan="2">जेएसपीएल</th><th colspan="1">ओएसएल</th></tr>
<tr><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th></tr>
<tr><td>2009-10</td><td>8820</td><td>-</td><td>12775</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2010-11</td><td>12412</td><td>-</td><td>16507</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>16896</td><td>-</td><td>18903</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2012-13</td><td>13954</td><td>11537</td><td>शून्य</td><td>13381</td><td>0127</td></tr>
<tr><td>2013-14</td><td>13627</td><td>11554</td><td>14431</td><td>15419</td><td>12735</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th rowspan="3">वर्ष</th><th colspan="5">ब्रेक बल्क कार्गो</th></tr>
<tr><th colspan="2">सीआरईडब्ल्यू</th><th colspan="2">जेएसपीएल</th><th colspan="1">ओएसएल</th></tr>
<tr><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th></tr>
<tr><td>2009-10</td><td>712</td><td>-</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2010-11</td><td>1113</td><td>-</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>962</td><td>-</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2012-13</td><td>870</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2013-14</td><td>723</td><td>शून्य</td><td>612</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th rowspan="3">वर्ष</th><th colspan="5">अन्य कार्गो</th></tr>
<tr><th colspan="2">सीआरईडब्ल्यू</th><th colspan="2">जेएसपीएल</th><th colspan="1">ओएसएल</th></tr>
<tr><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 1</th><th>क्रेन 2</th></tr>
<tr><td>2009-10</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2010-11</td><td>शून्य</td><td>-</td><td>शून्य</td><td></td><td>-</td></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>949</td><td>-</td><td>852</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>2012-13</td><td>1080</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2013-14</td><td>725</td><td>शून्य</td><td>752</td><td>शून्य</td><td>शून्य</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

(ii). संयुक्त सुनवाई के दौरान सेवा प्रदाता अर्थात सीआरईडब्ल्यू, और जेएसपीएल ने भी यह बताया कि 12500 टन प्रतिदिन की प्रहस्तन दर प्राप्त न कर पाने की असमर्थता का एक कारक यह है कि खराब होने के कारण क्रेनों की मरम्मत में समय लगना और कार्गो के उपलब्ध न होने के कारण क्रेनों का खाली पड़े रहना। इस संदर्भ में पीपीटी, कुल निरर्थक और खराब होने के घण्टों का वार्षिक आधार पर प्रचालक-वार दिसम्बर, 2009 के आदेश द्वारा उल्लिखित अवधि का ब्यौरा प्रस्तुत करे।

पीपीटी द्वारा प्रस्तुत खाली घण्टों का ब्यौरा इस प्रकार है:

	निरर्थक घण्टे				
	सीआरईडब्ल्यू		जेएसपीएल	ओएसएल	
	क्रेन 1	क्रेन 2	क्रेन 1	क्रेन 1	क्रेन 2
2009-10	3572	-	4267	-	-
2010-11	3669	-	4569	-	-
2011-12	4545	-	3253	-	-
2012-13	4948	3392	शून्य	4692	6398
2013-14	5564	3930	3920	3420	5755

पीपीटी द्वारा प्रस्तुत, खराब हुए घण्टों का ब्यौरा इस प्रकार है:

वर्ष	खराब हुए घण्टे				
	सीआरईडब्ल्यू		जेएसपीएल	ओएसएल	
	क्रेन 1	क्रेन 2	क्रेन 1	क्रेन 1	क्रेन 2
2009-10	85	-	527	-	-
2010-11	1349	-	973	-	-
20 1-12	755	-	2275	-	-
2012-13	348	696	8760	912	शून्य
2013-14	1316	शून्य	3487	768	शून्य

(iii). पीपीटी को दिसम्बर, 2009 के आदेश द्वारा कवर की गई अवधि के दौरान सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रहस्त किए गए विदेशी कार्गो और तटीय कार्गो का वर्ष-वार और प्रचालक-वार ब्यौरा भी प्रस्तुत करना है।

विदेशी और तटीय पोतों के माध्यम से प्रत्येक सेवा प्रदाता द्वारा प्रहस्त की गई मात्रा का ब्यौरा जैसा पीपीटी ने प्रस्तुत किया है, इस प्रकार है:

(लाख टनों में)

वर्ष	सीआरईडब्ल्यू					
	80 टन क्रेन			60 टन क्रेन		
	विदेशी	तटीय	योग	विदेशी	तटीय	योग
2009-10	16.40	0.67	17.07	-	-	-
2010-11	18.22	0.94	19.15	-	-	-
2011-12	23.64	0.49	24.13	-	-	-
2012-13	19.79	0.0 093	19.79	21.87	0.59	22.46
2013-14	9.92	0.33	1 .25	23.25	0	23.25

(लाख टनों में)

वर्ष	जेएसपीएल		
	100 टन क्रेन		
	विदेशी	तटीय	योग
2009-10	17.82	-	17.82
2010-11	21.90	0.23	22.13
2011-12	25.39	0 21	2560
2012 13	-	-	-
2013-14	8.08	0.01577	8.10

(लाख टनों में)

वर्ष	ओएसएल					
	100 टन क्रेन			60 टन क्रेन		
	विदेशी	तटीय	योग	विदेशी	तटीय	योग
2009-10	-	-	-	-	-	-
2010-11	-	-	-	-	-	-
2011-12	-	-	-	-	-	-
2012-13	17.60	-	17.60	9.97	-	9.97
2013-14	29.37	-	29.37	15.94	-	15.94

6.1. माननीय उच्चतम न्यायालय के 4 अप्रैल, 2014 के आदेश के साथ पठित उड़ीसा के माननीय उच्च न्यायालय के 12 मई, 2012 के आदेश के निदेशों के अनुसार इस प्राधिकरण को प्रशुल्क दरों के निर्धारण की पूरी प्रक्रिया को इस आदेश की प्राप्ति की तारीख से चार महीने की अवधि के भीतर पूरा करना है। यदि चार महीने की अवधि को माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पारित करने की तारीख यानि 4 अप्रैल, 2014 से गिना जाए तो प्राधिकरण को पीपीटी स्थित एचएमसी के लिए प्रशुल्क निर्धारण 3 अगस्त, 2014 तक करना था।

6.2. सेवा प्रदाताओं द्वारा किए गए अनुरोधों, उनके क्रमिक प्रशुल्क प्रस्तावों और पीपीटी द्वारा भेजी गई सूचना/स्पष्टीकरण की संवीक्षा करने के लिए अपेक्षित समय को ध्यान में रखकर, मामले की प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई सूचना की सम्पूर्णता और भारत के राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशित होने में लगने वाले समय की प्रक्रियाको ध्यान में रखकर, 3 माह का समय बढ़ाने के लिए 22 सितम्बर 2014 को माननीय उच्च न्यायालय में दो पृथक- पृथक आवेदन दिए गए ।

7. इस मामले के परामर्श से संबंधित कार्यवाहियां इस प्राधिकरण के कार्यालय के अभिलेख में उपलब्ध हैं। प्राप्त टिप्पणियों और संबंधित पक्षों द्वारा की गई दलीलों के उद्धरण संबंधित पक्षों को अलग से भेजे जायेंगे। ये ब्यौरे इस प्राधिकरण की वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध करा दी जायेंगी।

8. मामले की प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई सूचना की सम्पूर्णता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उजागर हुई:

(i). **पीपीटी स्थित एचएमसी के दो अधिकृत लाइसेंसधारी क्रेन प्रचालकों द्वारा अर्थात चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्रा.लि. (सीआरईडब्ल्यू) और द जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) द्वारा उड़ीसा के माननीय उच्च न्यायालय में अलग-अलग याचिकाएं, इस प्राधिकरण द्वारा एचएमसी के प्रयोग के लिए किसी व्यक्तिगत सेवा प्रदाता के संदर्भ के बिना पीपीटी में समान रूप से लागू उच्चतम सीमांकित दरों का निर्धारण करने वाले 30 दिसम्बर, 2009 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गईं। माननीय उच्च न्यायालय ने याचिकाओं को स्वीकार करते हुए इस प्राधिकरण के 30 दिसम्बर, 2009 के आदेश को निरस्त कर दिया तथा पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का सार्थक अवसर प्रदान करने के पश्चात दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क निर्धारण के लिए, मामले को इस प्राधिकरण को लौटा दिया।**

जब इस प्राधिकरण ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के निर्णय को, इस बारे में विधायी मत प्राप्त करने के पश्चात, माननीय उच्चतम न्यायालय में स्पेशल लीव पेटीशन दायर करते हुए चुनौती दी तो माननीय उच्चतम न्यायालय ने स्पेशल लीव पेटीशन को खारिज कर दिया और इस प्रकार माननीय उड़ीसा उच्च न्यायालय के निर्णय को बहाल रखा। इस प्रकार, माननीय उड़ीसा उच्च न्यायालय के निदेशों का अनुपालन के लिए यह कार्यवाही आरम्भ की गई है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के पैरा 47 (पृष्ट संख्या 30) के दूसरे पैरा में अंतर्निष्ट निर्णय के क्रियात्मक भाग में निम्नलिखित निदेश युक्त हैं:-

(क) विवादित आदेश अविवेचित और तर्कविहीन है। सभी सेवा प्रदाताओं के लिए समान लाईसेंस शुल्क का निर्धारण तर्कविहीन और पक्षपातपूर्ण है।

(ख) महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण को पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क दरों का निर्धारण करना चाहिए।

(ग) प्रशुल्क दरों के निर्धारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया आदेश की प्राप्ति की तारीख से 4 महीनों की अवधि के भीतर पूरी कर ली जाए।

(घ) तब तक सेवा प्रदाताओं पर, तदर्थ प्रशुल्क दरें, जैसी कि खण्ड 2.17.2 के अंतर्गत पीपीटी द्वारा अनुमत और निर्धारित की गई हैं, लागू होंगी।

(ii). जैसा कि इस नोट से संबंधित तथ्यात्मक स्थिति में बताया गया है, प्रशुल्क आदेश रद्द कर दिया गया है और माननीय उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा प्रशुल्क निर्धारण के निदेश के साथ-साथ 30 दिसंबर 2009 के आदेश अनुसार इस प्राधिकरण को पीपीटी और संबंधित सेवा प्रदाताओं को उपयुक्त अवसर प्रदान करने के आदेश हैं। चूंकि, 30 दिसम्बर, 2009 के आदेश 23 जनवरी, 2010 [(8 जनवरी, 2010 से 15 दिन के पश्चात; अधिसूचनाकी तारीख)] से 22 जनवरी, 2013 तक तीन वर्षों के प्रशुल्क चक्र को कवर करता था, इसलिए पीपीटी और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के पश्चात दिसम्बर 2009 के आदेश द्वारा कवर अवधि, यानि 23 जनवरी, 2010 से 22 जनवरी, 2013 तक के लिए, प्रशुल्क निर्धारण के लिए वर्तमान प्रक्रिया की जा रही है।

(iii). मामले से संबंधित कार्यवाही के दौरान, यह पाया गया कि पीपीटी के साथ-साथ सेवा प्रदाताओं की राय में एचएमसी हेतु प्रशुल्क निर्धारण की अवधि को लेकर कुछ संभ्रम प्रतीत होता है जिसके लिए वर्तमान प्रक्रिया चल रही है। जैसा कि संयुक्त सुनवाई के और पुनरावृत्ति की लागत के दौरान स्पष्ट किया गया था, फिर से यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रशुल्क निर्धारण की वर्तमान प्रक्रिया उड़ीसा के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गए निदेश के अनुपालन की सीमा तक निहित है कि प्रशुल्क निर्धारण सेवा प्रदाताओं और पीपीटी को सुनवाई का एक अवसर प्रदान करने के बाद 2005 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए। चूंकि माननीय उच्च न्यायालय का निदेश 30 दिसम्बर, 2009 के प्रशुल्क आदेश के संदर्भ में हैं, वर्तमान प्रक्रिया में एचएमसी के लिए प्रशुल्क की समीक्षा की जा रही है जो दिसम्बर 2009 के आदेश के अंतर्गत उल्लिखित अवधि के लिए ही है।

(iv). जैसा कि पहले बताया गया है माननीय न्यायालय के निर्णय का पैरा 47, अन्य बातों के साथ-साथ, यह बताता है कि ''..... और इसलिए सभी सेवा प्रदाताओं को लाईसेंस शुल्क की कथित समान दर का निर्धारण अत्यधिक तर्कविहीन और पक्षपातपूर्ण है.....

"ऊपर बताये गए कारणों के लिए, याचिकाएं सफल होनी चाहिए, तदनुसार अनुज्ञेय हैं, नियम जारी किया जाता है, विवादित आदेश निरस्त किया जाता है और मामला महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण के हवाले इस प्रयोजन से किया जाता है कि वह पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क दरों का निर्धारण करें....."

(क). उपरोक्त से यह देखा जा सकता है कि उच्च न्यायालय ने यह पाया है कि सभी सेवा प्रदाताओं के लिए समान दर का निर्धारण उत्यधिक अनुचित और मनमाना है।

माननीय उच्च न्यायालय की इस टिप्पणि को ध्यान में रखकर, जेएसपीएल का यह मत है कि एचएमसी के लिए समान प्रशुल्क का निर्धारण अवैध है जैसा कि न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया है और कि, इसलिए, एचएमसी के लिए प्रचालक-वार शुल्क निर्धारण होना चाहिए। यहां तक कि संयुक्त सुनवाई के दौरान, पीपीटी स्थित एचएमसी के प्रयोग के लिए प्रचालक-वार प्रशुल्क निर्धारण किया जाए।

महापत्तन न्यास (एमपीटी) अधिनियम, 1963 की धारा 42 (3) में पत्तन न्यास बोर्ड को एमपीटी अधिनियम की धारा 42 (1) में उल्लिखित किसी भी सेवा के लिए किसी भी सेवा के निष्पादन के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने की शक्ति प्रदान करती है। महापत्तनन्यास अधिनियम की धारा 42 (3) के अंतर्गत प्राधिकार दो मुख्य श्रेणियों अर्थात ''बीओटी (निर्माण, प्रचालन, अंतरण), बीओओटी (निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन, अंतरण) अथवा सरकार द्वारा अपनायी गई कोई अन्य निजीकरण व्यवस्था'' और ''एमपीटी अधिनियम की धारा 42 के अंतर्गत प्राधिकृत अन्य सेवा प्रदाता'' के अंतर्गत आते हैं। प्रथम श्रेणी के मामले में [निजी (टर्मिनल) प्रचालक] जो एक महापत्तन के भीतर बर्थ अथवा टर्मिनल पर बीओटी/बीओओटी व्यवस्था के अंतर्गत व्यापक सेवाएं प्रदान करता है, प्रशुल्क का विनियमन उनके प्रस्ताव पर उनकी प्रचालन लागत और निवेश के हवाले से किया जाता है। दूसरी श्रेणी के मामले में ''अन्य प्राधिकृत सेवा प्रदाता'' जहां प्राधिकार व्यवस्था धारा 42 (3) के अंतर्गत की जाती है, न कि बीओटी रियायत व्यवस्था के अंतर्गत, ऐसी सेवाओं के लिए निर्धारित उच्चतम दरें संबंधित पत्तनों पर, बिना किसी व्यक्तिगत सेवा प्रदाता के हवाले के, समान रूप से लागू की जाती है। इस प्रयोजन से, इन प्रभारों के विनियमन के प्रस्तावों पर, 2005 प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के खण्ड नं. 2 में विनिर्दिष्ट प्रशुल्क विनियमों के दायरे में आने वाली प्राधिकृत सेवाओं की पहचान करने के पश्चात, संबंधित पत्तन न्यासों द्वारा विचार किया जाना होता है।

चूंकि पीपीटी पर एचएमसी सेवा प्रदाताओं को प्राधिकृत मंजूरी के बारे में यह सूचित किया गया है कि बीओटी रियायत करार के आधार पर नहीं थी, पीपीटी स्थित एचएमसी के लिए प्रशुल्क 2005 के दिशा-निर्देशों के खण्ड 7.2 में अंतर्विष्ट अनुबंध-शर्त के आधार पर निर्धारित किया गया था जिससे ऐसी सेवाओं की उच्चतम सीमित दरों का निर्धारण व्यक्तिगत सेवा प्रदाता पर विचार किये बिना संबंधित पत्तन पर समान से लागू की जाती हैं। इस संबंध में, यह विचारणीय है कि न केवल पीपीटी में बल्कि अन्य महापत्तन न्यासों में भी एचएमसी के उपयोग के लिए इस प्राधिकरण द्वारा 2005 के दिशा-निर्देशों के खण्ड 7.2 में अंतर्विष्ट अनुबंध शर्तों के आधार पर सामान्य उच्चतम दरें निर्धारित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, एचएमसी के उपयोग के लिए विभेदी दर के निर्धारण के लिए जहां तक जेएसपीएल द्वारा किये गए अनुरोध का संबंध है, पीपीटी ने संयुक्त सुनवाई के दौरान बताया है कि प्रचालक-वार पृथक-पृथक प्रशुल्क संभव नहीं है। परन्तु, उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि सभी के लिए समान दर निर्धारण अनुचित और मनमाना है। उच्च न्यायालय का निर्णय इस प्राधिकरण पर बाध्यकर है। इसलिए पीपीटी में एचएमसी के प्रयोग के लिए प्रचालक-वार प्रशुल्क निर्धारण के मामले पर माननीय उच्च न्यायालय के निदेश के अनुपालन में दिसम्बर 2009 के आदेश में कवर की गई अवधि के लिए पुनर्विचार किया जा रहा है। इस संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि क्योंकि माननीय उच्च न्यायालय का यह निर्णय एक विशिष्ठ प्रशुल्क आदेश के संदर्भ में है इसलिए भविष्य में पीपीटी द्वारा अथवा किसी अन्य महापत्तन न्यास द्वारा इस निर्णय के कथित विचार को पूर्वोदाहरण न बनाया जाए।

(ख). इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने इस प्राधिकरण को एमपीटी अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार दरों का निर्धारण करने का निदेश दिया है (पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात)

जैसा कि पहले बताया गया है, माननीय उच्च न्यायालय के निदेश के अनुपालन में दिसम्बर 2009 के प्रशुल्क आदेश द्वारा कवर की गई अवधि के लिए संदर्भाधीन प्रक्रिया के अंतर्गत पीपीटी में एचएमसी के प्रयोग के लिए प्रचालक-वार प्रशुल्क का निर्धारण किया जाना है। प्रचालक-वार दर निर्धारण के लिए प्रत्येक प्रचालक अर्थात जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू द्वारा प्रस्तुत प्रचालक-वार लागत ब्यौरे पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना संगत हो जाता है कि संदर्भाधीन मामले की कार्यवाही में जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू द्वारा दिसम्बर 2009 के आदेश से संबंधित कार्यवाही के दौरान पीपीटी को प्रस्तुत कथित प्रस्तावों को इस प्राधिकरण द्वारा वर्तमान कार्यवाही के दौरान विचार करना चाहिए।

इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना संगत होगा कि दिसम्बर, 2009 के आदेश से संबंधित कार्यवाही के दौरान, जेएसपीएल और साथ ही सीआरईडब्ल्यू ने अपने-अपने प्रस्ताव और लागत ब्यौरे पीपीटी को दिये थे। जेएसपीएल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, उसने एचएमसी के प्रयोग के लिए दर रू.124.50 प्रति टन चाही थी और सीआरईडब्ल्यू के प्रस्ताव के अनुसार उसने एचसमसी के प्रयोग के लिए रू.121.83 प्रति टन चाही थी। प्रत्युत्तर में, पीपीटी ने अपने 7 मई, 2009 के पत्र में जेएसपीडब्ल्यू और सीआरईडब्ल्यू का लागत ब्यौरा, जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू के लागत तत्वों में कुछ नियमन करने के पश्चात भेजा था। तदनुसार, नियमन के पश्चात, पीपीटी ने जेएसपीएल के संबंध में रू.64.22 प्रति एमटी और सीआरईडब्ल्यू के मामले में रू.69.55 रू. प्रति एमटी भेजे। लेकिन, उस समय ध्यान सभी सेवा प्रदाताओं के लिए समान प्रशुल्क निर्धारण पर केंद्रित था जैसा कि 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के उपखंड 7.2 में उल्लिखित है, पीपीटी द्वारा यथा प्रस्तुत सूचना तब प्रशुल्क निर्धारण का आधार नहीं बनी और पत्तन को, अन्य बातों के साथ-साथ यह सलाह दी गई थी कि वह अपने प्रस्ताव की समीक्षा करे ताकि सभी सेवा प्रदाताओं के लिए समान प्रशुल्क निर्धारण किया जा सके। यह पृष्ठभूमि थी कि पीपीटी ने अपने 6 अगस्त, 2009 और 17 अगस्त, 2009 के पत्रों में पीपीटी स्थित सभी एचएमसी प्रचालकों के लिए रू.50/-रू. प्रति एमटी की लागत समान उच्चतम दर निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया था।

अब जबकि पीपीटी स्थित एचएमसी के प्रयोग के लिए प्रचालक-वार प्रशुल्क निर्धारण की प्रक्रिया आरम्भ की गई है, पीपीटी को सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल द्वारा प्रस्तुत लागत ब्यौरा/सूचना, सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल से संबंधित लागत ब्यौरे के साथ 7 मई, 2009 के अपने पत्र के साथ पीपीटी द्वारा प्रस्तुत किये गए थे, को (सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल द्वारा प्रस्तुत लागत ब्यौरे को) उनके प्रस्ताव के रूप में समझा गया है।

(ग). इसके अतिरिक्त, माननीय न्यायालय ने इस प्राधिकरण को यह निदेश भी दिया है कि पत्तन और सेवा प्रदाताओं को सुनवाई का अवसर दें।

इस संदर्भ में, यहां यह उल्लेख करना संगत होगा कि एचएमसी प्रचालकों को अपना लिखित निवेदन प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया है। सभी एचएमसी प्रचालकों को जो दिसम्बर 2009 के आदेश के अंतर्गत कवर की गई अवधि के दौरान एचएमसी का प्रचालन कर रहे थे अर्थात चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्रा. लिमिटेड (सीआरईडब्ल्यू), द जिंदल स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. (जेएसपीएल), द एबीजी हैवी इण्डस्ट्रीज लि. (एबीजीएचआईएल) और मैसर्ज उड़ीसा स्टीवडोर्स लि. (ओएसएल) उन सभी से परामर्श किया गया यद्यपि एबीजीएचआईएल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखायी। तत्पश्चात, 27 जून, 2014 को पत्तन स्तर पर एक संयुक्त सुनवाई का आयोजन भी किया गया था जिसमें सभी एचएमसी प्रचालकों को अपना-अपना पक्ष रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। यहां तक कि संयुक्त सुनवाई के बाद भी, एचएमसी आपरेटरों को अतिरिक्त सूचना प्रदान करने के लिए एक और अवसर दिया गया। इस प्रकार, यह वर्तमान कार्यवाही के दौरान, पीपीटी के अतिरिक्त सभी एचएमसी प्रचालकों को उचित सुनवाई का पूरा अवसर दिया गया है।

(v). इस संबंध में, सेवा प्रदाताओं में से एक अर्थात एबीजी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एबीजीएचआईएल) का हवाला देना संगत लगता है। यद्यपि, एबीजीएचआईएल ने दिसम्बर 2009 के आदेश के अंतर्गत कवर अवधि के दौरान एचएमसी प्रचालित की थी और उन्हें इस कार्यवाही में परामर्श के लिए 27 जून, 2014 को सुनवाई हेतु बुलाया भी गया परन्तु उन्होंने वर्तमान मामले में आरम्भ की गई कार्यवाही में भाग नहीं लिया। प्रसंगवश, इसने दिसम्बर 2009 के प्रशुल्क आदेश को चुनौती भी नहीं दी थी।

(vi). अन्य सेवा प्रदाताओं में से एक ने अर्थात उड़ीसा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) ने यद्यपि वर्तमान कार्यवाही में भाग लिया, परन्तु इसने भी इस प्राधिकरण द्वारा प्राप्ति दिसम्बर 2009 के आदेश को चुनौती नहीं दी थी। चूंकि 16 मई, 2012 में माननीय न्यायालय के आदेश जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू द्वारा दायर दो भिन्न रिट याचिकाओं के संदर्भ में हैं, न्यायालय के निर्णय को इन दो सेवा प्रदाताओं, यानि जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू, के संबंध में ही अनुपालन के लिए लिया गया है। तदनुसार, यह प्रक्रिया मात्र जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यू के लिए पीपीटी में एचएमसी के प्रयोग के लिए भिन्न दर निर्धारित करने के लिए दिसम्बर 2009 के आदेश में कवर अवधि के लिए माननीय न्यायालय के निदेश के अनुपालन में की जा रही है।

(vii). संदर्भाधीन मामले की सुनवाई के दौरान, सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल ने बार-बार एचएमसी द्वारा कंटेनरों के प्रहस्तन दर के निर्धारण के लिए अनुरोध किया है। इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि दिसम्बर 2009 के प्रशुल्क आदेश में, शुष्क बल्क कार्गो, ब्रेक बल्क कार्गो और अन्य कार्गो के पीपीटी स्थित एचएमसी के उपयोग द्वारा प्रहस्तन के लिए निर्धारित किए गए हैं। कथित आदेश में एचएमसी द्वारा कंटेनरों के प्रहस्तन के बारे में कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। चूंकि वर्तमान कार्यवाही दिसम्बर 2009 के आदेश द्वारा निर्धारित एचएमसी की दरों की समीक्षा करने के लिए की जा रही है, वर्तमान कार्यवाही में एचएमसी द्वारा कंटेनरों के प्रहस्तन के लिए दर निर्धारित करने के सेवा प्रदाताओं के अनुरोध पर विचार करने का प्रश्न ही नहीं उठता है। नई मद के दर निर्धारण के लिए नया रास्ता नहीं अपनाया जा सकता है जिसके बारे में दिसम्बर 2009 के मूल आदेश में चर्चा ही न की गई हो। और न ही यह दिसंबर 2009 में पारित आदेश का भाग बना है।

इस संदर्भ में, यह नोट करने योग्य है कि इस प्राधिकरण द्वारा कुछ समय पहले, नवम्बर 2014 में, जनवरी 2015 से जनवरी 2018 तक की अवधि के लिए किसी विशिष्ट सेवा प्रदाता का हवाला दिए बिना पीपीटी स्थित हार्बर चल क्रेन (एचएमसी) के लिए समान रूप से लागू करने योग्य उच्चतम प्रशुल्क निर्धारण करने की कार्यवाही के दौरान पीपीटी ने शुष्क बल्क कार्गो, ब्रेक बल्क कार्गो और अन्य कार्गो के प्रहस्तन की दरों का प्रस्ताव करने के अतिरिक्त एचएमसी द्वारा कंटेनरों के प्रहस्तन की दर का प्रस्ताव भी किया। लेकिन, 28 नवम्बर, 2014 के आदेश संख्या टीएएमपी/30/2014-पीपीटे में दर्ज कारणों से, पीपीटी को परामर्श दिया गया है कि, नियामक क्षमता के भीतर विभिन्न प्रकार के प्रहस्तन किये जाने वाले कंटेनरों की दर पर पहुंचने के लिए एक भली भांति विश्लेषित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। पीपीटी द्वारा ऐसा कोई प्रस्ताव दायर किये जाने पर, सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल के प्रत्याशित क्रियान्वयन के अनुरोध पर विचार किया जायेगा।

(viii). जेएसपीएल ने उल्लेख किया है कि इसने नई हार्बर चल क्रेन स्थापित की थी, जबकि एबीजीहैवी इण्डस्ट्रीज लि. (एबीजीएचआईएल) की एचएमसी पुरानी थी और इसलिए एचएमसी की निर्धारित प्रति टन दर 43 रू. प्रति एमटी (जानकारी के अनुसार एबीजीएचआईएल के प्रस्ताव/निवेदन पर आधारित) को जेएसपीएल के लिए लागू नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में, यह ध्यान देने योग्य है कि दिसम्बर 2009 के आदेश में पीपीटी स्थित एचएमसी के प्रयोग की दर निर्धारण वैयक्तिक सेवा प्रदाता का हवाला दिए बिना कॉमन सेवा प्रदाता आधार पर किया गया था । एचएमसी की 3007.74 लाख रूपये की लागत पीपीटी द्वारा तब प्रस्तुत बजट निविदा दरों पर आधारित थी, वास्तव में इसमें पीपीटी द्वारा अनुमान में भाड़ा और शुल्क संघटकों को भी शामिल किया गया था। प्रचालन लागत के घटकों जैसे मरम्मत, बीमा, मूल्यह्रास और अन्य व्यय का मान निकालने के लिए एचएमसी की कथित पूंजी-लागत को आधार के रूप में लिया गया था । इस प्रकार दिसम्बर 2009 में एचएमसी के लिए निर्धारित प्रशुल्क एबीजीएचआईएल के लागत ब्यौरे के प्रभाव में नहीं किया गया था, जैसा कि जेएसपीएल ने मत व्यक्त किया है, परंतु पीपीटी द्वारा प्रस्तुत विवरण के आधार पर पीपीटी पर एचएमसी के प्रयोग के लिए समान प्रशुल्क निर्धारण के लिए था।

(ix). माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों का अनुपालन करने, यानि भिन्न सेवा प्रदाताओं अर्थात सीआरईडब्ल्यू और जेएसपीएल के लिए भिन्न दरों का निर्धारण करने के उद्देश्य से कथित दोनों पक्षों द्वारा उनकी अपनी-अपनी लागत विवरणियों में लागत तत्वों पर माननीय उच्च न्यायालय की टिप्पणी के प्रकाश में तथा वर्तमान कार्यवाही के दौरान सेवा प्रदाताओं के प्रस्तुत निवेदनों के आधार पर किया गया विश्लेषण निम्नलिखित पैराओं में दिया गया है।

(x). माननीय उच्च न्यायालय ने पीपीटी स्थित एचएमसी के प्रयोग के लिए इस प्राधिकरण को एमपीटी अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार द्वारा बनाये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशुल्क निर्धारित करने का आदेश दिया है। उस समय प्रचालित एचएमसी के उपयोग के लिए प्रशुल्क निर्धारण के लिए संगत दिशा-निर्देश मार्च 2005 के प्रशुल्क दिशा-निर्देश हैं जिन्हें महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 111 के अंतर्गत इस प्राधिकरण को नीतिपरक निर्देशों के रूप में जारी किया गया है। तदनुसार, सेवा प्रदाताओं द्वारा पीपीटी को प्रस्तुत लागत विवरणियों का अंग बनने वाले प्रत्येक लागत तत्व का विश्लेषण 2005 प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के संदर्भ में किया गया है।

(xi). पीपीटी को जेएसपीएल और सीआर ईडब्ल्यु द्वारा प्रेषित लागत विवरणी में प्रत्यंक आपरेटर ने 2009-10 से 2011-12 तक के वर्षोका आकलन प्रस्तुत किया है । यहां तक कि पीपीटी ने भी सेवा प्रदाताओं के आकलन प्रधिकरण को भेजते समय 2009-10से 2011-12 तक के लसगत विवरण भेजे हैं । दिसंबर 2009 के आदेशानुसार अवधि के लिए पीपीटी पर एचएमसी के प्रयोग के लिए प्रशुल्क निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है जो वर्ष 2010-11 से 2012-13 के वर्षों जो 23 जनवरी 2010 से 22 जनवरी 2013 तक है । उपर्युक्त स्थिति के अनुसार जेएसपीएल और सीआरईडब्ल्यु के लागत विवरण का वर्ष 2009-10 के लिए दिए गए आकलन को छोड़ कर और इसकी अपेक्षा वर्ष 2012-13 के लिए आकलन करने के लिए जैसा कि आगे चर्चा की गई है का विश्लेषण किया जाता है।

(xii). परिवहन:

(क) जेएसपीएल:

जेएसपीएल ने पीपीटी प्रस्तुत अपनी लागत विवरणी में वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक एचएमसी द्वारा प्रहस्तित किए जाने वाले कार्गो के आवागमन का अनुमान क्रमश: 1001000 टन 1251250 टन और 1564063 टन दिया है । फिर भी पीपीटी ने जेएसपीएल के द्वारा प्रस्तुत आवागमन अनुमान अनुसीमित करते हुए उसे वर्ष 2009-10 से 2011-12 के लिए प्रत्येक वर्ष में 2 मिलियन टन कर दिया है । किसी पत्तन पर प्रहस्तित किए जाने वाले कार्गो का यह प्राधिकरण स्वयं कोई अध्ययन नहीं करता है। इस स्थिति के मद्देनज़र पिछले अनुभवों के आधार पर एचएमसी द्वारा प्रहस्तित किए जाने वाले कार्गो के आवागमन का बेहतर अनुमान पत्तन ही बेहतर बता सकता है। प्रतिवर्ष 2 मितियन टन की दर से वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए जेएसपीएल द्वारा प्रहस्तित कार्गो का पीपीटी द्वारा किया गया अनुमान स्वीकार किया जाता है । अब पीपीटी द्वारा प्रस्तुत विवरणों में यह देखने में आया है कि जेएसपीएल ने वास्तव में वर्ष 2012-13 के दौरान एचएमसी का प्रयोग करके किसी कार्गो का प्रहस्तन नहीं किया है । अत: जेएसपीएल के बारे में वर्ष 2012-13 संबंधित किसी लागत घटक चर्चा नहीं की गई है ।

